**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया प्रतिष्ठित इंफोसिस फिनेकल नवाचार अवार्ड्स 2023 से सम्मानित**

**मुंबई, 05.06.2023**: यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, भारत का एक अग्रणी बैंक, यह घोषणा करते हुए गौरवान्वित है कि उसे बैंकिंग उद्योग और तकनीकी उत्कृष्टता में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित इंफोसिस फिनेकल नवाचार अवार्ड्स 2023 के तहत 7 पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है जो कि भारतीय और वैश्विक बैंकों में सबसे अधिक हैं.

2 जून, 2023 को मुंबई में आयोजित प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह में पुरस्कार प्रदान किए गए. बैंकिंग क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के अभिनव अनुप्रयोग को बढ़ावा देने हेतु ये पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं. कारोबार वृद्धि को गति देने, परिचालन दक्षता में सुधार करने और ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ लेने में यूनियन बैंक के दृढ़ निश्चय को निम्नलिखित पुरस्कारों के माध्यम से पहचान प्रदान की गई है:

**बैंक को निम्नलिखित श्रेणियों के तहत प्लेटिनम विजेता के रूप में सम्मानित किया गया है**

- उत्पाद नवाचार - प्लेटिनम विजेता - यूनियन स्पर्श - एक्सेसिबल डेबिट कार्ड
- चैनल नवाचार - प्लेटिनम विजेता - यूनियन बैंक वॉयस असिस्टेंट और यूनियन वर्चुअल कनेक्ट
- ईकोसिस्टम लेड इनोवेशन - प्लेटिनम विजेता - यूपीआई और सैंडबॉक्स परिवेश पर रुपे क्रेडिट कार्ड
- प्रक्रिया नवाचार - प्लेटिनम विजेता - एमएसएमई ऋण का डिजिटलीकरण

बैंक ने निम्नलिखित श्रेणियों के लिए भी स्वर्ण विजेता के रूप में जीत हासिल की है:

- अधिकतम ग्राहकों का जुड़ाव - स्वर्ण विजेता - डिजिलॉकर पर खाता विवरण
- ट्रांसफॉर्मेशन एक्सीलेंस - स्वर्ण विजेता - सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और क्लाउड टेक्नोलॉजी
- बिजनेस मॉडल नवाचार - स्वर्ण विजेता - डिजिटल बैंकिंग यूनिट

इस अवसर पर **कार्यपालक निदेशक, श्री नितेश रंजन,** ने बताया कि, ये सम्मान नवाचार, डिजिटल परिवर्तन और अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से असाधारण ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए बैंक की अथक प्रतिबद्धता को उजागर करते हैं. बैंक ने "बैंक के भीतर डिजिटल बैंक" बनाने की आकांक्षा के साथ बीएफएसआई स्पेस में बैंक के डिजिटल पदचिह्न को मजबूत करने के लिए प्रोजेक्ट यूनियन संभव के तहत अपनी डिजिटल परिवर्तन यात्रा शुरू की है.

बैंक के डिजिटल परिवर्तन में नए समाधानों और नई उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/मशीन लर्निंग, 5जी, ब्लॉकचैन, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, ऑगमेंटेड और वर्चुअल रियलिटी, आदि शामिल है.

कॉर्पोरेट सम्प्रेषण प्रभाग, यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 40021.
@unionbankofindia @UnionBankTweets UnionBankInsta YouTube UnionBankofIndiaUtube @unionbankofindia

प्रेस विज्ञप्ति